Tiranga Yatra organised on 04.08.22 by RDS College

आरडीएस कालेज से निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार को आरडीएस कालेज से एनएसएस व एनएसएस इकाई के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्राचार्य डा.अमिता शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक, कर्मचारी व छात्रों ने आरडीएस कालेज परिसर से रामदयालु नगर होते हुए भिखनपुरा प्राथमिक विद्यालय तक तिरंगा झंडा लेकर रैली निकाली। प्राथमिक विद्यालय भिखनपुरा में बच्चों के बीच एनएसएस इकाई की तरफ से तिरंगा झंडा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्राचार्य एवं एनएसएस पदाधिकारी डा.पयोली ने एक दर्जन बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत किया। प्राचार्य डा. अमिता शर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना भरना है। उन्होंने तिरंगा रैली के दौरान लोगों से हर घर झंडा लगाने की अपील की। एनएसएस पदाधिकारी डा.पयोली ने कहा कि इसके माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों को याद कर रहे हैं।